मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 30 अक्टुबर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	31/10/15	01/11/15	02/11/15	03/11/15	04/11/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	30	31	31	31	30
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	18	18	17	17	17
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	1	1
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	54	54	52	56	57
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	25	26	26	27
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	11	12	12	10	6
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

जीरे की उन्नत किस्में आर.जेड–19, आर.जेड–209, आर.जेड–223 व जी.सी–4 की बुवाई करें। बुवाई हेतु प्रति हैक्टेयर 12–15 किलो बीज का प्रयोग करें तथा 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

किसान भाई गेहुं की बुवाई के लिए खेत तैयार करें व आवश्यक आदानों बीज, खाद की व्यवस्था करें।

सरसों की फसल में पेन्टेड बग व आरा मक्खी की रोकथाम के लिए मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण की 20 किलो मात्रा का प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

अरण्डी की फसल में सेमी लूपर व बिहार हेयरी केटरपिलर के नियंत्रण हेतु एक लीटर क्यूनालफॉस 25 ई.सी. का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

पशुओं में खुर एवं मुंहपका रोग का टीकाकरण कराएं। रोगी पशु के छालो को 0.1 प्रतिशत लाल दवा के घोल से धोएं।

(नौडल ऑफीसर)